SUNDAY | 02.03.2025 | फाल्गुन शुक्ल-तृतीया विक्रम संवत-2081
उत्तर प्रदेश
अमर उजाला
महानगर वर्ष 57 | अंक 44 | पृष्ठ : 20 मूल्य : सात रुपये
बरेली
• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO, 04, TOP

# एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने जीती ट्रॉफी

**बरेली।** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया।

इसमें एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान पर एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ठेकेदार इलेवन के बीच खिताबी भिड़ंत हुई। इसमें एसआरएमएस ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

मुकाबले में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान अनंत भटनागर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम के पांच खिलाड़ी आठ ओवरों में ही पवेलियन लौट गए। इस मौके पर कप्तान अनंत भटनागर ने 32 गेंदों पर 48 रनों की पारी खेली। अनंतवीर ने 43 गेंदों पर 84 रन बनाए।

दोनों खिलाड़ियों ने छठे विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की और टीम को संकट से उबारा। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 211 रन बनाए।

जवाब में 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ठेकेदार इलेवन की टीम की भी शुरुआत खराब रही। पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही गोल्डी मलिक ने सलामी बल्लेबाज सेहरावत को आउट कर ठेकेदार इलेवन के खेमे में सनसनी फैला दी। रनों के बढ़ते दबाव में ठेकेदार इलेवन की टीम नौ विकेट खोकर 181 रन ही बना पाई। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने 30 रनों से टूर्नामेंट जीत लिया। एसआरएमएस के गेंदबाज गोल्डी मलिक ने चार ओवरों में चार विकेट हासिल किए। संवाद



क्रिकेट टूर्नामेंट में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनी चैंपियन। स्रोत : संस्थान

## मुकाबले के अंत में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

पुरस्कार वितरण समारोह में सीडीओ जग प्रवेश, पीएनबी के एजीएम उमेश अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति और इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता, उप विजेता टीमों के साथ-साथ सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया। विजेता टीम एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को ट्रॉफी के साथ एक लाख एक हजार रुपये का इनाम मिला। उपविजेता ठेकेदार इलेवन की टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपये प्रदान किए गए। टूर्नामेंट की चार पारियों में 222 रन बनाने वाले आईके कलेक्शन एसजी कैंट के खिलाड़ी सत्यम संगू को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। उन्हें ट्रॉफी के साथ 5100 का नकद पुरस्कार मिला, जबकि फाइनल मैच में 43 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 84 रन बनाने वाले एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के अनंतवीर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार, ट्रॉफी और 1100 रुपये का इनाम दिया गया।